एनआईसीयू में डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ के बीच मारपीट

अजमेर, (कासं)। संभाग के सबसे बड़े जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में शिशु रोग विभाग के एनआईसीयू वार्ड में गुरुवार सुबह रेजीडेंट डॉक्टर और मेल नर्स के बीच मारपीट की घटना सामने आई है। यह घटना वार्ड में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वहीं मामले को लेकर मेडिकल कॉलेज प्राचार्य ने जांच कमेटी का गठन कर दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल प्रशासन हरकत में आया। प्राचार्य डॉ. अनिल सामरिया ने बताया कि अस्पताल में इस तरह की घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर वरिष्ठ डॉ. संजीव माहेश्वरी के नेतृत्व में जांच कमेटी गठित कर दी गई है और जल्द रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं।

रेजीडेंट डॉक्टर ने मेल नर्स पर लगाए आरोप : रेजीडेंट डॉ.चंद्र प्रकाश ने बताया कि वे सुबह अपनी ड्यूटी पर पहुंचे थे और एक शिशु से संबंधित कार्य के लिए नर्सिंग स्टाफ को निर्देश दिए थे। स्टाफ के अनसुना करने पर वे नर्सिंग इंचार्ज से शिकायत करने गए। इस दौरान मेल नर्स सुरेश और विनोद वहां मौजूद थे। डॉ. चंद्र प्रकाश ने बताया कि सुरेश ने अभद्रता की और काम करने से इनकार कर दिया। इसके बाद धक्का-मुक्की शुरू हो गई और सुरेश ने उन पर चप्पल और लोहे की ट्रे से हमला कर दिया। अन्य नर्सिंग स्टाफ ने भी सुरेश का साथ दिया और डॉक्टर को पकडक़र पीटा। उन्होंने कहा कि वे आरोपी नर्सिंग कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया जाएगा। मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. सामरिया को लिखित शिकायत दी है।

एनआईसीयू में रेजीडेंट डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ आपस में उलझते हुए तथा मेडिकल कॉलेज प्राचार्य, अस्पताल अधीक्षक और वरिष्ठ डॉक्टर व नर्सिंग अधीक्षक से चर्चा की।

नर्सिंग स्टाफ ने रेजीडेंट पर लगाया अभद्र व्यवहार का आरोप : वहीं नर्सिंग स्टाफ का कहना है कि डॉ. चंद्र प्रकाश ने उनसे अनुचित तरीके से व्यवहार किया। नर्सिंग कर्मी सुरेश चौधरी ने बताया कि सुबह साढ़े आठ बजे ड्यूटी पर आया और एनआईसीयू में स्टाफ की ड्यूटी लगा रहे थे। नर्सिंग स्टेशन पर डॉ. चंद्र प्रकाश आए और नर्सिंग प्रभारी से कहा कि सिर पर कैप और मास्क कहा है, इस बात पर विवाद हो गया। चौधरी का आरोप है कि उन्होंने नर्सिंग कर्मियों के साथ गाली गलौज की। जिससे विवाद की स्थिति बनी। नर्सिंग एसोसिएशन ने डॉक्टरों के रवैये पर आपत्ति जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है।

रेजीडेंट डॉक्टर्स यूनियन ने की निलंबन की मांग : घटना के बाद रेजीडेंट डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टाफ एकजुट हो गए और दोषियों पर कार्रवाई की मांग करने लगे। प्राचार्य डॉ. अनिल सामरिया और अधीक्षक डॉ. अरविंद खरे मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों से बातचीत की। पहले नर्सिंग स्टाफ से घटना की जानकारी ली गई, फिर डॉक्टरों से उनकी बात सुनी गई।

■ सीसी टीवी कैमरे में कैद हुई घटना, मेडिकल कॉलेज प्रचार्य ने किया जांच कमेटी का गठन

रेजीडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. दिलराज ने बताया कि उनके साथी डॉक्टर के साथ मारपीट की गई, जो निंदनीय है। उन्होंने आरोपी मेल नर्स सुरेश को निलंबित करने की मांग की।

इनका कहना है : जांच पूरी होने के बाद ही दोषी के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। ऐसे संवेदनशील स्थान पर इस तरह की घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण हैं। सीसी टीवी फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है।

-डॉ. अनिल सामरिया, प्राचार्य जेएलएन मेडिकल कॉलेज अजमेर

अवैध शराब बिक्री का गोरखधंधा

आसींद, (निसं)। एक ओर प्रशासन आपराधिक तत्वों पर लगाम करने के लिए 24 घंटे पैनी नजर से सुरक्षा इंतजामों में लगा रहता है लेकिन यह सुरक्षा इंतजाम तब फेल हो जाते हैं जब आबकारी नीति के विपरीत रात को 8 बजे के बाद भी आसींद कस्बे की शराब की दुकानों पर धड़ल्ले से शराब बिक्री होती है, वैसे तो आसींद कस्बे में आवंटित दुकानों की संख्या नगण्य है लेकिन इन आवंटित दुकानों की आड़ में जगह-जगह ब्रांच खोलकर अवैध शराब बिक्री का खेल जमकर खेला जा रहा है। रात के अंधेरे के साथ जैसे-जैसे रात बढ़ती है शराब की कीमत आसमान छु जाती है । प्रिंट रेट से कई गुना अधिक इन आबकारी ठेकेदारों द्वारा वसूल की जा रही है कभी-कभी तो इस अवैध वसूली के चलते शराब की दुकानों पर प्रिंट रेट से अधिक राशि वसूलने को लेकर बड़े विवादों जैसी स्थितियां उत्पन्न हो जाती है।

वहीं दूसरी और पूरी रात शराब बिकने के कारण आसपास के लोगों को किसी बड़े अपराध के घटित होने का डर हमेशा सताए रहता है आसींद बस स्टैंड पुलिस चौकी के 100 मीटर परिधि क्षेत्र में दो ब्रांच संचालित हो रखी है जिस पर हो रहे अवैध शराब गोरख धंधे को आसींद पुलिस प्रशासन द्वारा नजर अंदाज किया जा रहा है।

सार-समाचार

महिलाओं ने झूलेलाल के भजन प्रस्तुत किये

मदनगंज में महिलाओं ने झूलेलाल के भजन प्रस्तुत किये

मदनगंज-किशनगढ़, (निस)। चेटीचण्ड पखवाड़ा महोत्सव पर झूलेलाल भगवान के भजन गाओ महिला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। सिंधी कालोनी स्थित शिवालय में समाज की महिलाओं ने भगवान झूलेलाल के एक से बढ़कर एक सुमधुर भजन प्रस्तुत कर आस्था व्यक्त की। सिन्धु नवयुवक संघ द्वारा झूलेलाल महिला संगीत समिति के तत्वावधान में हुआ। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रही दिव्या मूलचंदानी, द्वितीय कोमल देवलानी व तृतीय स्थान पर रोशनी शिवनानी, शमा शामनानी, दिपा मंगलानी विजेता रही। मुख्य अतिथि नेना पंजवानी को दुपट्टा पहना माला पहना कर सम्मानित किया। मंच संचालन तनू मेघानी ने किया।

साफ सफाई के लिये जागरूक किया

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। नगर परिषद क्षेत्र में आयुक्त सीता वर्मा के निर्देशानुसार आमजन को सफाई व कचरा कलेक्शन व घर घर कचरा संठाहण के साथ गिला सूखा कचरा सेठीगेशन कंपोस्टिंग के संबंध में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया। अजमेर से आए गोपाल बंजारा की टीम ने अठासेन सर्किल, राजकीय यज्ञनारायण हॉस्पिटल के बाहर, पुराना बस स्टैंड, नया बस स्टैंड, सब्जी मंडी, अंबेडकर सर्किल के पास एवं राजकीय गवर्नमेंट स्कूल के बाहर लोगो को सफाई के लिये जागरूक किया। सहायक अभियंता विष्णु आडाणीय, स्वास्थ्य निरीक्षक मनोज रांणवा, मुकेश लखन, जमादार चांदमल, राहुल, दिनेश, राकेश आदि उपस्थित रहे।

रसद विभाग ने किए 5 सिलेण्डर जब्त

अजमेर (कासं)। रसद विभाग द्वारा घरेलू एलपीजी सिलेण्डरों के अवैध उपयोग की सूचना पर मांगलियावास क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेण्डरों की धरपकड़ का अभियान चलाया गया। गुरुवार को जांच दल द्वारा 5 एलपीजी घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त किए गए। जिला रसद अधिकारी नीरज कुमार जैन ने बताया कि गौड़ मिष्ठान भण्डार मांगलियावास से 4 घरेलू एलपीजी सिलेण्डर तथा चाय का ठेला मांगलियावास से एक घरेलू एलपीजी सिलेण्डर जब्त किए गए। इन फर्मो का यह कृत्य एलपीजी ऑर्डर-2000 का उल्लंघन है। साथ ही ये प्रकरण ईसी एक्ट 1955 की धारा 6 ए में जिला कलक्टर के न्यायालय में प्रस्तुत किए जाएंगे। जांच दल में प्रवर्तन अधिकारी सुनिता शर्मा, प्रवर्तन निरीक्षक महेन्द्र कुमार यादव, श्री मुकेश कुमार बुगालिया एवं राहुल वेदवाल रहे।

131 रोगियों ने लिया शिविर का लाभ

अजमेर (कासं)। विश्व विख्यात संत स्वामी श्रीकृष्णानंद जी महाराज की पावन प्रेरणा से भारतीय सेवा समाज राजस्थान डालमिया सेवा ट्रस्ट दिल्ली श्रीपूज्य पारब्रह्म ट्रस्ट अजमेर एवं सीनियर सिटीजन समूह अजमेर के माध्यम से धोलाभाटा स्थित मन्ना हवेली में विशाल नि:शुल्क शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारंभ भगवान श्री पूज्य पारब्रह्मदेव एवं पूज्य स्वामी जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर श्री पूज्य पारब्रह्म ट्रस्ट के विनोद विधानी ने पूज्य स्वामी जी के सेवा कार्यों को जनमानस तक पहुंचाने के लिए संकल्प जाहिर किया।

इस पुनीत अवसर पर संस्थान प्रभारी कैलाश सिंह रत्नू ने सेवा उद्बोधन में पूज्य स्वामी जी के विश्व स्तरीय मानव सेवार्थ प्रकल्पों की जानकारी दी एवं प्रख्यात समाजसेवी उद्योगपति पूर्व सांसद संजय डालमिया के सामाजिक सरोकारों का वर्णन किया। इस अवसर पर सीनियर सिटीजन समूह के वरिष्ठ समाजसेवी के के गौड, बी के चौहान की सेवा समर्पित टीम ने शिविर में उपस्थित सभी आने वाले लोगों का अभिनंदन करते हुए शिविर का ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने की अपील की।

प्रख्यात चिकित्सक डॉक्टर नमन निभेरिया की टीम ने 131 रोगियों की जांच कर एक माह की दवा श्री पूज्य पारब्रह्म ट्रस्ट द्वारा निशुल्क प्रदान की गई।

भामाशाह कोडवानी सम्मानित

मदनगंज-किशनगढ़, (निस)। सिंधु नवयुवक संघ की और से आठ दिवसीय चेटीचण्ड महोत्सव विभिन्न कार्यक्रमो के साथ उल्लास से मनाया गया। होटल एन के हेलीमेंक्स में सुंदरकांड का भव्य आयोजन हुआ। रामकृष्ण सेवा समिति ने टीम के संग सुन्दरकांड पाठ किया। निर्मल कोडवानी व योगेश रामनानी द्वारा सुन्दर कांड पाठ सहित अल्पाहार आदि की व्यवस्था की गई। युवा समाजसेवी गिरधारी अमरवाणी ने बताया की सिंधियत मेले में आनंद सत्संग मण्डल परिवार दुबई व किशोर कोडवानी के मौजूद नहीं रहने पर उनके भाई निर्मल कोडवानी, कमलेश कोडवानी एंव ज्योति कोडवानी को मोमेंटो देखकर माल्यार्पण करके सामनित किया। अध्यक्ष अशोक फतनानी, सचिव करण मेंघानी, उपाध्यक्ष जितेन्द्र कोरानी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

आयोग कर्मियों ने काली पट्टी बांध कर जताया रोष

अजमेर, (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग में रिक्त पदों पर भर्ती की मांग को लेकर गुरुवार को आयोग कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने रिक्त पदों को शीघ्र भरने की मांग की। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। समिति के अध्यक्ष दिवाकर शर्मा ने बताया कि 15 दिन पहले ही आयोग प्रशासन को इस संबंध में आंदोलन की चेतावनी दी गई थी, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि आयोग में रिक्त पदों की समस्या लंबे समय से बनी हुई है, जिससे कर्मचारियों को अतिरिक्त कार्यभार उठाना पड़ रहा है।

काम के बोझ में दबे कर्मचारी: उन्होंने बताया कि खाली पदों की वजह से काम का अतिरिक्त दबाव बढ़ रहा है, जबकि इस वर्ष आयोग रिकॉर्ड परीक्षाएं आयोजित करने जा रहा है। आयोग कर्मचारियों ने इस मुद्दे को लेकर संघर्ष समिति का गठन किया है। शर्मा ने बताया कि इस वर्ष आयोग 152 परीक्षाएं आयोजित करने जा रहा है, जो 80 दिनों तक चलेंगी। ऐसे में कर्मचारियों पर काम का दबाव और बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांगों का जल्द समाधान नहीं दिया गया तो आगामी तीन दिनों तक कर्मचारी काली पट्टी बांधकर काम करेंगे।

■ रिक्त पद नहीं भरे तो आंदोलन की दी चेतावनी

जलदाय मंत्री का किया अभिनंदन

मेड़ता सिटी, (निसं)। जलदाय विभाग मंत्री व नागौर जिला प्रभारी कन्हैया लाल चौधरी का मेड़ता हाइवे कैफे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर मंत्री चौधरी ने कहा राजस्थान सरकार जल मिशन योजना के साथ कई कार्य कर रही हे । वही गर्मी के दिनों में पानी की समस्या ना हो इसको लेकर भी सरकार कई प्रोजेक्ट के साथ काम कर रही हे । इस अवसर पर मेड़ता जनता प्रधान संदीप चौधरी, उप जिला प्रमुख शोभाराम जयपाल, महेंद्र शर्मा, नारायण पारिक, पुसादास वैष्णव, महेश बाला सेन, केके दय्या, शोभाग पारिक, नरेंद्र लाहोटी, रामेश्वर घांची, धनपत सिंघवी, इस्लाम पठान सहित भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया।

आईएएस देवेश देवल को केंद्र में मिली प्रतिनियुक्ति

देवेश देवली

अजमेर, (कासं)। 2004 बैच के सीनियर आईएएस अधिकारी देवेश देवल को भारत सरकार के मिनिस्ट्री आफ पर्सनल पब्लिक गवर्नेंस एंड पेंशन एंड पेंशनर्स विभाग ने मिनिस्ट्री ऑफ़ फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री विभाग में संयुक्त सचिव पद पर 5 वर्ष के लिए प्रतिनियुक्त किया है। देवल अजमेर के रहने वाले हैं इन्होंने स्कूल शिक्षा सेंट एंस्लम स्कूल में की साथ ही कॉलेज शिक्षा भी अजमेर के राजकीय महाविद्यालय में की है। देवल इससे पूर्व आरएएस एवं आईपीएस अधिकारी के पद पर कार्यरत रह चुके हैं। देवल के पिता एनआर देवल संयुक्त निदेशक कॉलेज शिक्षा विभाग से सेवानिवृत हैं।

नाम परिवर्तन

मेरे पति के आर्मी न. 15175245Y रैंक - HAV (RST) नाम - DIWAKAR BABU ARLI है। यह कि मेरे पति के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम TRIVENI दर्ज है जो कि गलत है। जबकि भविष्य में मुझे मेरे सही व वास्तविक नाम TRIVENI ARLI से जाना जाये ।

नाम परिवर्तन

मेरे पति के आर्मी न. JC-293800M रैंक- NB SUB (DMT) नाम- SUSHIL KUMAR SINGH है। यह कि मेरे पति के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम ABHA DEVI दर्ज है जो कि गलत है। जबकि भविष्य में मुझे मेरे सही व वास्तविक नाम ABHA SINGH से जाना जाये ।

आम सूचना

हमारी फर्म गंगवाल स्टोनेक्स ई 72-73 IVth फेस पर्यावरण मार्ग रिको, मदनगंज-किशनगढ़ 305801 जिला अजमेर इस फर्म में (1) प्रेमचंद गंगवाल (2) रमेशचंद गंगवाल (3) भंवरी देवी (4) सुरेखा जैन (5) अमित गंगवाल (6) धीरज गंगवाल पार्टनर थे। इनके साथ ही आज दिनांक 21 मार्च 2025 को फर्म में 8 नये पार्टनर जोड़े है। फर्म में टोटल 14 पार्टनर हो गये है। नये पार्टनर में (1) सुभाष चंद गंगवाल (2) राकेश गंगवाल (3) विकास गंगवाल (4) आशीष गंगवाल (5) एकता जैन (6) अमिता जैन (7) अनीता गंगवाल (8) रचना जैन है। इस संबंध में किसी व्यक्ति संस्था को आपत्ति हो तो 7 दिवस में अपनी आपत्ति दर्ज कराये, बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

- गंगवाल स्टोननेक्स, मदनगंज-किशनगढ़

अजमेर जिला क्रिकेट संघ में बनी एडहॉक कमेटी

अजमेर, (कासं)। अजमेर जिला क्रिकेट संघ में एडहॉक कमेटी बना दी गई है। रजिस्ट्रार संस्थाएं अजमेर ने इस आशय के आदेश जारी किए हैं। विवेकानन्द क्लब के गोविन्द स्वरूप उपाध्याय को एडहॉक कमेटी का संयोजक बनाया गया है। कमेटी के अन्य सदस्यों में मेलेनियम क्लब के अनीश मोयल, डीबीएन क्लब के गजेन्द्र शर्मा, रूजपूताना क्लब के प्रणय प्रताप सिंह और विक्रांत क्लब के लोकेश कुमार शर्मा शामिल हैं। एडहॉक कमेटी का कार्यकाल अधिकतम तीन माह का होगा। इस दौरान तदर्थ समिति जिला संघ की सदस्यता, राजस्थान उच्च न्यायालय और अपीलीय अधिकारी के आदेशानुसार राजस्थान स्पोर्ट्स एक्ट के तहत तीन माह के भीतर जिला संघ के चुनाव कराएगी।

गिव-अप अभियान 30 अप्रैल तक

अजमेर, (कासं)। राज्य सरकार द्वारा गिव अप अभियान की तिथि को अब बढ़ाकर 30 अप्रैल कर दिया गया है। जिला रसद अधिकारी नीरज कुमार जैन ने बताया कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा गिव-अप अभियान प्रारम्भ किया गया था। इस अभियान की अवधि को अब विभाग द्वारा 30 अप्रैल तक बढ़ाया जाकर एक अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। इस अभियान के अन्तर्गत खाद्य सुरक्षा सूची की निष्कासन श्रेणी में सम्मिलित परिवार अपना नाम स्वैच्छा से हटा सकते हैं। इन परिवारों में कोई भी एक सदस्य सरकारी, अर्द्धसरकारी, स्वायत्तशाषी संस्थाओं में नियमित कर्मचारी एवं अधिकारी हो अथवा एक लाख रूपये वार्षिक से अधिक पेंशन प्राप्त करता हो अथवा जिसके सभी सदस्यों की कुल आय एक लाख रूपये वार्षिक से अधिक हो या निजी चौपहिया वाहन धारक या आयकरदाता हो सम्मिलित है। इनको प्रेरित कर खाद्य सुरक्षा सूची से अपना गाम स्वैच्छा से पृथक करवाए जाने के लिए आवेदन करवाया जा रहा है। जिला रसद अधिकारी (द्वितीय) में अब तक कुल 1875 आवेदकों के 7110 परिवार सदस्यों द्वारा गिव-अप अभियान के अन्तर्गत आवेदन कर अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची से स्वेच्छा से हटवा चुके है। निष्कासन श्रेणी में होते हुए भी गिव-अप अभियान के तहत नाम नहीं हटवाने के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत नहीं करने वाले 140 व्यक्तियों को जिला रसद अधिकारी (द्वितीय) द्वारा नोटिस जारी किये जा चुके है। अपात्र लाभार्थी द्वारा गिव-अप अभियान के अन्तर्गत अपना नाम हटवाने के लिए आवेदन प्रस्तुत नहीं करने वालों के विरूद्ध कडी कानूनी कार्यवाही की जाकर बाजार दर से वसूली की जाएगी।

महिला अधिकारी से अभद्रता का आरोप

अजमेर, (कासं)। अजमेर के राजस्व मंडल में महिला अधिकारी द्वारा मंडल के आरएएस अधिकारी पर अभद्रता और धमकी देने का आरोप लगाने मामला सामने आया है। गुरुवार को मामले को लेकर राजस्व मंडल के कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार कर विरोध प्रदर्शन किया और अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। मांग नहीं माने जाने पर हड़ताल की घोषणा कर दी। राजस्व बार एसोसिएशन ने भी इस हड़ताल का समर्थन किया है।

पीडित् अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी शीला माथुर ने बताया कि घटना बुधवार दोपहर की है, जब वह अपने कार्य में व्यस्त थीं, तभी अतिरिक्त रजिस्ट्रार हेमंत स्वरूप माथुर उनके पास आए और अभद्रता करने लगे। महिला अधिकारी ने आरोप लगाया कि आरएएस अधिकारी ने उन्हें धमकाते हुए कहा, नौकरी करना सिखा दूंगा, रिटायरमेंट खराब कर दूंगा और चार्जशीट दे दूंगा। इस धमकी के बाद से वह मानसिक अवसाद में है।

■ कर्मचारियों ने किया हंगामा

इस घटना के विरोध में गुरुवार को राजस्व मंडल के कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार किया और अध्यक्ष हेमंत गेरा को ज्ञापन सौंपते हुए आरोपी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कर्मचारियों ने नारेबाजी करते हुए दोषी अधिकारी पर सख्त कार्रवाई की मांग की और कहा कि यदि न्याय नहीं मिला तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे।

अनिश्चितकालीन हड़ताल की दी धमकी: बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजावत ने कहा कि पहले से ही कर्मचारियों की कमी है, ऐसे में अनुचित दबाव बनाना गलत है। राजस्व मंडल कर्मचारी समिति के अध्यक्ष अजय गुर्जर ने कहा कि यदि आरोपी अधिकारी के खिलाफ सख्त कदम नहीं उठाए गए तो अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे। हालांकि अतिरिक्त रजिस्ट्रार हेमंत स्वरूप माथुर ने सभी आरोपों को निराधार बताया और कहा कि उन्होंने किसी भी प्रकार की अभद्रता नहीं की।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

मूल आवंटी / अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों के पक्ष में संयुक्त नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की ट्रांसपोर्ट नगर योजना के आवासीय/व्यावसायिक भूखण्ड संख्या 109 क्षेत्रफल 400 वर्गगज के आवंटी / अन्तरिति श्री घनश्याम गोयल पुत्र स्व. श्री देवीलाल गोयल निवासी 608 कृष्ण विहार, बी.के. कॉल नगर अजमेर की मृत्यु दिनांक 07.03.2025 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट / वसीयतनामा सलंग्न कर मृतक के वारिसों में क्रमशः (1) श्री मुकेश गोयल पुत्र स्व. श्री घनश्याम गोयल निवासी बी-217 राधा विहार, बी. के. कॉल नगर अजमेर (2) श्री राजेश गोयल पुत्र स्व. श्री घनश्याम गोयल निवासी बी-35, एम.बी. रोड बदरपुर जैतपुर, नई दिल्ली द्वारा नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें । उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदक के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

मूल आवंटी / अन्तरिति द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की कोटेडा आवासीय योजना के आवासीय भूखण्ड संख्या 22 क्षेत्रफल 299 व.ग. के आवंटी श्रीमती पार्वती देवी पत्नी श्री जोगाराम निवासी बेरा-भागोडी, ग्राम कारोलिया तह. जैतारण की मृत्यु दिनांक 2.3.22 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा वसीयतनामा (पंजीकृत दिनांक 14/12/17) संलग्न कर मृतक द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामान्तरण हेतु श्री अभिनव सीरवी व नमन सिरवी पुत्र हजारी राम निवासी मकान नं.-15, द्वारिका , कुन्दन नगर, अजमेर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किए जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदक के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी
अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

मूल आवंटी / अन्तरिति द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की ट्रांसपोर्ट नगर योजना के व्यवसायिक भूखण्ड संख्या 209 क्षेत्रफल 200 व.ग. के आवंटी श्री हरचरण सिंह पुत्र स्व. करतार चंद जी निवासी 2/32, करतार कॉटेज, अलवर गेट, अजमेर की मृत्यु दिनांक 21.11.24 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा वसीयतनामा (पंजीकृत दिनांक 14/2/24) संलग्न कर मृतक द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामान्तरण हेतु श्री जसवंत सिंह व कुलवंत सिंह पुत्र हरचरण सिंह निवासी 2/32, करतार कॉटेज, अलवर गेट, अजमेर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किए जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचनाप्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदक के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी
अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ (अजमेर) राज.

क्रमांक: न.प.कि./नाम हस्तान्तरण/2025/959 **आम सूचना** दिनांक: 04/3/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 602 पर स्थित आवासीय (भूखण्ड संख्या 151 क्षेत्रफल 88.88 वर्गगज) पर श्री कुलदेव पुत्र श्री गोगाराम ने आवेदन प्रस्तुत कर नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है -

पूर्व में : भूखण्ड संख्या 160 पर निर्मित विला पश्चिम में : 40 फीट चौडा रास्ता

उत्तर में : भूखण्ड संख्या 150 पर निर्मित विला दक्षिण में : भूखण्ड संख्या 152 पर निर्मित विला

अतः उक्त नाम हस्तान्तरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मयाद किसी भी प्रकार की आपति स्वीकार नहीं होगी ।

प्रभारी नगर परिषद, किशनगढ़

शहरी सड़क एवं शहरी आयुष्मान आरोग्य केंद्र का फिता काटकर विधायक सांखला ने किया उद्घाटन

आसीन्द, (निसं)। भाजपा सरकार के द्वारा शहरी विकास हेतु सड़कों की सौगात के तहत आसींद कस्बे के बड़े मंदिर से ब्राह्मणों का मोहल्ला होते हुए पथवारी तक सड़क मार्ग का शिलान्यास कार्यक्रम बड़े मंदिर चौराहे पर आयोजित हुआ कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक जबर सिंह सांखला नगर पालिका अध्यक्ष देवीलाल साहू, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष फौजमल गुर्जर भाजपा नगर अध्यक्ष अनिल सिंह तंवर, पार्षद सत्येंद्र सिंह चौहान, भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष तेजवीर सिंह चुंडावत की मौजूदगी में उक्त सड़क मार्ग के शिलान्यास कार्यक्रम का विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर शिलान्यास किया गया। वहीं इस दौरान विधायक जबर सिंह सांखला ने संबोधित करते हुए बताया कि प्रदेश की भाजपा सरकार के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सानिध्य में शहरी विकास हेतु सड़कों की सौगात के तहत शिलान्यास कार्यक्रम आयोजन किया गया वही आसींद नगर पालिका क्षेत्र के गोविंदपुरा में शहरी आयुष्मान आरोग्य केंद्र का विधायक जबर सिंह सांखला ने गणमान्य अतिथियों की मौजूदगी में फिता काटकर उद्घाटन किया।शहरी आयुष्मान आरोग्य केंद्र के उद्घाटन के दौरान विधायक सांखला ने संबोधित करते हुए बताया कि 15 महीने के कार्यकाल में भाजपा सरकार के द्वारा

शहरी सड़क एवं शहरी आयुष्मान आरोग्य केंद्र का फीता काटकर विधायक सांखला ने उद्घाटन किया ।

जारी 2 बजट में विधानसभा क्षेत्र आसींद में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं हुई एवं उन कार्यों का धरातल पर कार्य जारी है । जिसके तहत विधानसभा क्षेत्र में ब्राह्मणों की सरेडी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नत किया गया। बदनोर क्षेत्र के भादसी में सब सेंटर को सीएचसी में क्रमोन्नत किया गया ।दो सब सेंटर क्षैत्र के मरेवडा एवं रामपुरिया नारडा में बनाए गए । शिक्षा के क्षेत्र में खेल स्टेडियम की महिती आवश्यकता के तहत आसींद नगर में खेल स्टेडियम की घोषणा के साथ ही बदनोर में महाविद्यालय ,आसींद महाविद्यालय को यूजी से पीजी में क्रमोन्नत तथा हाल ही में आसींद कस्बे के अंतर्राष्ट्रीय तीर्थ स्थल सवाई भोज मंदिर स्थित प्रेम सागर तालाब के सौंदर्य करण हेतु राजस्थान सरकार की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने प्रेम सागर तालाब के सौंदर्य करण हेतु 25 करोड़ की घोषणा के साथ ही विभिन्न अन्य आगामी योजनाएं प्रस्तावित है । शहरी आयुष्मान आरोग्य योजना के बारे में संबोधित करते हुए बताया कि शहरी आयुष्मान आरोग्य योजना केंद्र खुलने से नगर पालिका क्षेत्र के गोविंदपुरा वासीयो को प्राथमिक स्वास्थ्य की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी जिसमें चिकित्सक के साथ नर्सिंग स्टाफ , एवं आवश्यक दवाइयां एवं जांच परामर्श आदि उपलब्ध होंगे। नगर पालिका अध्यक्ष देवीलाल साहू ने बताया कि विधायक जबर सिंह सांखला के अथक प्रयासों से आसींद क्षेत्र को विभिन्न सौगातें मिली है ।वहीं शहरी और आयुष्मान आरोग्य केंद्र पर विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी जांच होने से इलाज हेतु त्वरित समाधान होगा।

ग्रामीणों का उपखंड कार्यालय के बाहर विरोध

आसीन्द, (निसं)। आसींद कस्बे के राजस्व गांव दौलतगढ़ के ग्रामीणों ने गुरुवार दिन में 12 बजे उपखंड कार्यालय पर पहुंचकर विरोध विरोध प्रदर्शन करते हुए उपखंड अधिकारी भरत कुमार गुर्जर के नाम ज्ञापन सौंपा एवं ज्ञापन में बताएं कि दौलतगढ़ पटवार हलका दौलतगढ़ तहसील आसींद जिला भीलवाड़ा राजस्थान के सरहद में आरा जी नंबर 2037 रकबा 0.16 हेक्टर भूमि जो उक्त जमीन चारभुजा नाथ मंदिर की डोली जो उदयनाथ चौराहे पर स्थित है राजस्व रिकॉर्ड चारभुजा के नाम से स्थित है उक्त भूमि पर हमारे गांव के कुछ सामाजिक तत्वों द्वारा नाजायज अतिक्रमण किया गया जिसकी सूचना हम ग्राम वासियों ने तहसीलदार को मौखिक रूप से दी थी जिसके बाद पटवारी पहलाद गुर्जर मौके पर पहुंचे एवं पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में रिपोर्ट प्रस्तुत कर 7 दिवस में उक्त अतिक्रमण हट